## एक नजर में

### प्रभारी मंत्री ने की जल्द स्वस्थ होने की कामना



**निवाली।** जिले के प्रभारी मंत्री डॉ गौतम टेटवाल क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान दिव्यांग सेवा ट्रस्ट झाकर में हाल ही में ऑपरेशन हुए दिव्यांग बच्चों से मिलकर आत्मविभोर हुए और उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना की तथा ट्रस्ट अध्यक्ष वल्लभदास अग्रवाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि बहुत ही अच्छा और नेक कार्य कर रहे हो। इसके लिए बधाई के पात्र हो। दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्था द्वारा जो कार्य किए जा रहे हैं प्रशंसनीय हैं। इसके पूर्व डॉ टेटवाल ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की महान समाज सेविका बालिका शिक्षा व दिव्यांग बच्चों के भविष्य को संवारने वाली स्व कांता दीदी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष वल्लभदास अग्रवाल ने संस्था की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था विगत 40 वर्षों से दिव्यांग बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य पर कार्य कर रही है। संस्था ने विगत वर्षों में लगभग 175 दिव्यांग बच्चों के ऑपरेशन कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया है। इस अवसर पर सांसद गजेंद्र पटेल, क्षेत्रीय विधायक श्याम बर्डे, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय यादव व अन्य मौजूद थे।

### गौवंश संरक्षण, लव जेहाद व अन्य विषयों पर चर्चा

**पानसेमल/बड़वानी।** जिले के राजपुर प्रखंड अंतर्गत जुलवानिया खंड राजहंस होटल में शुक्रवार संगठन कार्य को सुचारू रूप से चलाने संगठन विस्तार एवं अन्य विषयों को लेकर खरगोन विभाग के बड़वानी व सेंधवा जिलों की बैठक संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ खरगोन विभाग मंत्री मनोज वर्मा, विभाग सह मंत्री डॉ ललित तंवर, सेंधवा जिलाध्यक्ष गिरिवर दयाल शर्मा, बड़वानी जिलाध्यक्ष विष्णु गोयल द्वारा मां भारती एवं भगवान राम दरबार के पुजन से की। इसके बाद विभाग मंत्री ने धार जिले के भोजशाला पर ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण फैसले को सनातन धर्म की जीत बताया और कहा कि इस फैसले का स्वागत करते हैं। जिससे सकल हिन्दू समाज में हर्ष व्याप्त है। इस जीत को लेकर परिवार के सदस्य दीप जलाकर सादगी से मनाए। कई वर्षों से विचाराधीन इस मामले में साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर भोजशाला को मंदिर होने का निर्णय मिला है। जिलाध्यक्ष विष्णु गोयल ने गौवंश तस्करी एवं लव जेहाद के विषय पर चिंता जताते हुए कहा कि देशभर में लव जेहाद रोकने के प्रयास हिंदू संगठनों द्वारा किए जा रहे हैं। हिंदू बहन-बेटियों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। क्षेत्र में गौवंश तस्करी को कैसे रोका जा सकता है, इस बारे में बताया। सेंधवा खरगोन विभाग सह मंत्री डॉ ललित तंवर ने संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की। जिसके बाद विभाग मंत्री ने सितानवमी कार्यक्रम का वृत्त, आगामी प्रखंड बैठक की दिनांक, परिषद शिक्षा वर्ग में सम्मिलित होने वाले पदाधिकारी/कार्यकर्ताओं की सूची, आगामी प्रवास, बाल बजरंगी संस्कार केंद्र प्रमुख दायित्व सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

### शनि जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया पारा में निकाली शनिदेव की शोभायात्रा







**पारा।** शनि जयंती के पावन पर्व पर आज सुबह से ही पारा के चमत्कारी शनि मंदिर पर भक्तों की भीड़ देखी गई। शनि देव को तेल तिल गुड़ चढ़ाया गया। सर्वप्रथम ब्रह्म मुहूर्त में भगवान की प्रतिमा का पंचामृत एवं तेल अभिषेक किया गया उसके पश्चात भगवान की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया भगवान के तेल चित्र की शोभा यात्रा संपूर्ण नगर में निकाली गई जो मंदिर प्रांगण में आकर धर्म सभा में परिवर्तित हुई द्य मंदिर पर भगवान को छप्पन भोग लगा कर महाआरती की गई । महाआरती का लाभ मनोज नारायण राठौड़ डिग्गी के द्वारा लिया गया एवं अमृतलाल मगनलाल दशोरा द्वारा विश्व शांति निमित्त यज्ञ हवन का लाभ लिया गया शाम को भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें संपूर्ण नगर के लोगों द्वारा महा प्रसादी का लाभ लिया गया रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ रामायण मंडल पारा द्वारा किया गयाद्य विधिविधान से सम्पूर्ण धार्मिक कार्य पंडित संजय शर्मा द्वारा सम्पन्न कराए गए। उक्त आयोजन पद्मवंसिय राठौड तेली समाज और शनि मित्र मंडल पारा द्वारा किया गया।

### जूडिओ लाया किफायती व ट्रेंड आधारित फैशन

**इंदौर.** छिंदवाड़ा में स्थित जूडिओ स्टोर अपने लॉन्च के बाद से ही ग्राहकों की मजबूत आवाजाही आकर्षित कर रहा है. खरीदार इसकी आधुनिक स्टाइल, व्यापक विकल्पों और किफायती कीमतों से प्रभावित हो रहे हैं. शांतिनाथ टावर में स्थित यह स्टोर मध्य प्रदेश में जूडिओ की बढ़ती मौजूदगी को और मजबूत करता है, जहां अब ब्रांड के 28 स्टोर संचालित हो रहे हैं. ट्रेंट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं कार्यकारी निदेशक वेंकटेसालु पी ने इस विस्तार पर कहा जूडिओ किफायत, विविधता और आधुनिक डिजाइन के मेल के साथ भारत के फास्ट फैशन परिदृश्य को नया रूप दे रहा है. देशभर में फैशन के प्रति जागरूकता बढ़ने के साथ हमारा ध्यान स्टाइल को अधिक एक्सेसिबल, एस्पिरेशनल और एक्साइटिंग बनाने पर बना हुआ है. हमारे कलेक्शन में लगातार होने वाला बदलाव खरीदारी के अनुभव को गतिशील और प्रासंगिक बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इस स्टोर को सहज और आकर्षक खरीदारी का अनुभव देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है.

### शक्ति प्रेस ने 49.28 करोड़ रुपए के राइट्स इश्यू की घोषणा की

**इंदौर.** सेंट्रल इंडिया में प्रिंटिंग और पैकेजिंग उद्योग में उभरती हुई कंपनी शक्ति प्रेस लिमिटेड अपने विस्तार योजनाओं के लिए फंड एकत्रित करने हेतु राइट्स इश्यू के माध्यम से लगभग 49.28 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है.

# जयस स्थापना दिवस पर समाजसेवा का संकल्प

**सेंधवा, (नवभारत)।** शहर में जय आदिवासी युवा शक्ति का 13वां स्थापना दिवस गरिमामय कार्यक्रम के साथ मनाया गया। विधायक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी महापुरुषों को नमन किया गया तथा युवाओं ने संगठन को मजबूत बनाकर समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

#### महापुरुषों को नमन कर मनाया स्थापना दिवस

सेंधवा विधायक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी समाज के महान क्रांतिकारियों एवं महापुरुषों के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सेंधवा विधायक एवं बड़वानी जयस जिलाध्यक्ष मोंटू सोलंकी ने युवा साथियों को मिठाई खिलाकर तथा जयस का गमछा पहनाकर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जय आदिवासी और जय जोहार के नारों के साथ उत्साहपूर्ण माहौल रहा। कार्यक्रम में युवा साथियों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।



#### जल-जंगल-जमीन और अधिकारों की लड़ाई पर जोर

विधायक मोंटू सोलंकी ने कहा कि जयस संगठन की स्थापना 16 मई 2013 को जिला मुख्यालय बड़वानी में जल, जंगल, जमीन की रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा पीड़ित एवं शोषित परिवारों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से की गई थी। आदिवासी समाज वर्षों से शोषण और उपेक्षा का शिकार रहा है तथा संवैधानिक अधिकारों और सम्मान के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने बताया कि जयस अब देशभर में युवाओं की मजबूत सामाजिक आवाज बन चुका है।

#### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

इस दौरान विजय सोलंकी, कलम अवाया, राहुल सोलंकी, मगन जमरे, जितेंद्र डावर, रामेश्वर सोलंकी, सरपंच प्रतिनिधि प्रताप सेंगर, प्रकाश डावर, किशन अलावे, साईं किराड़े, मंशाराम, देव जमरे व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हॉट चौपाल का किया आयोजन

**निवाली।** 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों साक्षर करने के लिए कलेक्टर जयति सिंह, सहायक कलेक्टर माधव अग्रवाल एवं जिला परियोजना समन्वयक रवि वर्मा के मार्गदर्शन में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं असाक्षरों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए हॉट बाजार चौपाल का आयोजन, वझर में किया। हाट बाजार में आए असाक्षरों को साक्षरता का महत्व बताते हुए पढ़ने के लिए प्रेरित किया। हॉट चौपाल में जिला सह समन्वयक केशवलाल कुशवाह, बीआरसी गोविंद मोरे, विकास खंड सह समन्वयक अमरसिंह सिसोदिया, जनशिक्षक पंकज चौहान, संकुल सह समन्वयक दिनेश डावर उपस्थित रहे।





## बच्चों के लिए लगाया जा रहा कैम्प

**निवाली, (नवभारत)।** प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 2026 में गर्मियों में देश भर के सेवा केंद्र पर बच्चों के लिए समर कैम्प/वैल्यू आधारित समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में भी 10 से 16 मई तक 8 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए समर कैम्प की शुरुआत हुई। जिसमें नैतिक मूल्य, कला, योग, व्यक्तित्व विकास और तनाव प्रबंधन सिखाया जा रहा है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय निवाली (सेंधवा रोड़ डॉ बिरला के मकान में) दो दिवसीय कैम्प की शुरुआत हुई।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षक कुलदीप कन्हैयालाल पाटीदार, ब्रह्माकुमारी साधना दीदी, अतिथियों को बैच लगाकर व पुष्प अर्पित कर रिया वाणी व परी वाणी ने स्वागत किया। स्वागत नृत्य की उत्कृष्ट प्रस्तुति दिव्या राठौर ने दी। प्रश्नोत्तरी, गेम, मेडिटेशन, ध्यान, वैल्यू आधारित शिक्षण गतिविधि की गई। 60 प्रतियोगियों ने भाग लिया।

केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी साधना दीदी ने दिव्य संस्कार, सकारात्मक विचार, शुभ संकल्प, मेडिटेशन एक्सरसाइज पर प्रकाश डाला। कुलदीप कन्हैयालाल पाटीदार ने बुरी आदतों को छोड़ने, अच्छी आदतों को अपनाने, संस्कारों का महत्व सहित कई बिंदुओं पर विस्तार प्रकाश से डाला। बच्चों को स्वल्पाहार कराया। कार्यक्रम में डॉ बिरले, कुलदीप पाटीदार, अनिल पवार, नंदिनी संतोष राठौड़, यामी राजेंद्र, कोचले, रिया धर्मेंद्र वाणी, कनक अनिल वाणी, परी धर्मेंद्र वाणी, आस्था जितेंद्र राठौर का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन चेतना राठौड़ व आभार प्रदर्शन पाटीदार द्वारा किया गया।

## मां जागीरदारपुरा में शनि देव की प्राण-प्रतिष्ठा

▶ शनि अमावस्या पर सम्पन्न हुए विभिन्न धार्मिक आयोजन

**बड़वानी, (नवभारत)।** शनि अमावस्या के पावन पर्व पर शनिवार को मां नर्मदा तट स्थित जागीरदारपुरा नवीन घाट राजघाट मलिक आश्रम में धार्मिक आयोजन एवं शनि भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह से संपन्न हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

#### सम्पन्न कराया धार्मिक कर्मकांड

कार्यक्रम में पंडित नितिन पांडे एवं पंडित राजू तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पुजन एवं धार्मिक कर्मकांड संपन्न कराया।

#### सदाव्रत भोजन के साथ गौशाला का संचालन

घाट निर्माण समिति अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में यहां शिव मंदिर, बाल हनुमान मंदिर, मां नर्मदा प्रतिमा स्थापित की गई। संत निवास, परिक्रमा विश्राम स्थल, दोनों समय सदाव्रत भोजन के साथ गौशाला का संचालन किया जा रहा है।





#### शनि अमावस्या पर किया दान-पुण्य

इस अवसर पर भगवान दत्त एवं शनि देव की प्रतिमाओं की स्थापना भी की गई। आयोजन स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। भक्तों ने नर्मदा स्नान कर पूजा-अर्चना की और शनि अमावस्या के अवसर पर दान-पुण्य भी किया।

## कथा व्यवहार सिखाती है, जितना कष्ट सहोगो उतना महकोगे : पं. नागर

▶ फुट तालाब के पांडाल में उमड़ा आस्था का संगम

**मेघनगर।** कथा में कई सारे लोग अगर शांति से आस्था से मन से कथा सुनते हैं तो इसका मतलब है भगवान उपस्थित हो गए हैं। बिच्छु के पूंछ में, सांप के दांत में जहर होता है उसको निकाल सकते है। मनुष्य के रोम-रोम में जहर है क्या-क्या निकालें। मनुष्य कान से निंदा सुनता है मुंह से निंदा करता है, क्या-क्या करता है , मधुर बोलो मीठा बोलो रिश्तेदारों के समक्ष पिता को सामने मत बोलो उसका दिल मत जलाओ कई बेटे अपनी मांसे कई महीनों तक बात नहीं करते हैं। उसको पीड़ा होती है। परिवार में कितना भी मनमुटाव हो बोलना बंद मत करना। ये कहना है पं.कमल किशोर नागर का जो उन्होंने फुटतालाब के भागवत कथा पांडाल में कथा के दौरान बोला। मनुष्य जीवन मिला है तो भाई से भाई को भाई से बहन को परिवार के सदस्यों को आपस मे माता पिता के साथ पड़ोसी को पडोसी के साथ मीठा बोलना चाहिए अभी नही तो क्या पशु बनोगो तब बोलोगे। मीठा बोलने का अर्थ है हम कुछ अच्छा बो रहे है। अच्छा बोयेंगे तो अच्छा उगेगा। भजन मीठा फल अब क्या तुम पाओ बीज कांटों का बीज जो बो चुके हो द्य उन्होंने मीरा की भक्ति का उल्लेख किया। पं. नागर ने छोटे भाई और बडे भाई के रिश्ते को भगवान श्रीराम और लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए समझाया की लक्ष्मण जी पूरे 14 वर्षों तक सोये नही श्रीराम के चरणों मे बैठे रहते थे चरणों की सेवा करते थे द्य हर घर स्वर्ग हो जाये अगर छोटे ब?ो की सेवा करने लग जाये द्य फल वाले झाड पर ही पत्थर मारे जाते हैं। बिना फल वाले झाडो पर कोई पत्थर नहीं मारता। फूल का उदाहरण देते हुए बताया कि उसमें सुई चुभाई जाती है तो भी वो नही डरता माला बनकर भगवान के गले की शोभा बन जाता है फूल को कूटा जाता है तो उसका इत्र बन जाता है। गुरु की बात का कभी बुरा नही मानना माता पिता की बात का कभी बुरा मत मानना ये अपने हित मे ही बोलते है ये खुरदरे होते है, लेकिन मैल निकाल देते है, जिसने सूरज का ताप और बाप की डांट सह ली वो ही आगे बढ़ेगा। मनुष्य जीवन को नई दिशा और ऊर्जा देने वाली ये बाते मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री वनेश्वर मारुति नंदन हनुमान मंदिर पर पंडित कमल किशोर नागर जी के मुखारविंद से चल रही श्रीमद् भागवत कथा में उन्होंने कही। आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य और समाजसेवी सुरेश चंद्र पूरणमल जैन राजेश रिंकू जैन और उनके परिवार ने पंडित कमल किशोर नागर जी का अभिनंदन





## सिद्धेश्वर राजबाड़ा हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए बैठक 19 को

*प्राचीन मंदिर की जर्जर स्थिति को देखते हुए भक्त मंडल ने लिया निर्माण का संकल्प*

**आलीराजपुर।** नगर के मध्य स्थित अति प्राचीन सिद्धेश्वर राजवाड़ा हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर सिद्धेश्वर हनुमान भक्त मंडल द्वारा 19 मई मंगलवार को विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक रात्रि 8 बजे मंदिर प्रांगण में आयोजित होगी, जिसमें समस्त श्रद्धालुओं एवं भक्तों से उपस्थित होकर मंदिर निर्माण कार्य में सहयोग देने की अपील की गई है।



सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर के मीडिया प्रभारी कांतिलाल राठौड़ ने बताया कि मंदिर की वर्तमान स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। वर्षों पुराने इस मंदिर में जगह-जगह क्षति पहुंचने के कारण श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए भक्त मंडल द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि बैठक में मंदिर निर्माण की रूपरेखा, आवश्यक व्यवस्थाओं एवं जनसहयोग को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। भक्त मंडल का उद्देश्य है कि नगरवासियों और श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर का भव्य एवं सुरक्षित स्वरूप तैयार किया जाए। सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर के पुजारी मनोज शर्मा व भक्त मंडल के गोविंद जोशी ने बताया कि बारिश के दिनों में मंदिर की छत से पानी टपकता है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही मंदिर की छत एवं दीवारों में आई जर्जरता के कारण किसी भी समय हादसे की आशंका बनी रहती है। ऐसी स्थिति को देखते हुए मंदिर निर्माण का संकल्प लेना आवश्यक हो गया है। बैठक में हाल ही में संपन्न हुए हनुमान जन्मोत्सव एवं भंडारे की समीक्षा भी की जाएगी। आयोजन की व्यवस्थाओं एवं सहयोगकर्ताओं के योगदान पर चर्चा करते हुए आगामी धार्मिक गतिविधियों की रूपरेखा भी तय की जाएगी।

भक्त मंडल ने नगर के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मंदिर जीर्णोद्धार अभियान में सहभागिता निभाने का आह्वान किया है।

## धूमधाम से मनाया शनिश्चरी अमावस्या पर्व, मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय में किया भव्य शक्रस्तव अभिषेक

**राणापुर।** श्री शनिश्चरी अमावस्या के पावन अवसर पर स्थानीय श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय में भक्ति का अनूठा माहौल देखने को मिला। यहाँ श्री संघ एवं श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत स्वामी जी का भव्य शक्रस्तव अभिषेक आयोजित किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु मंदिर जी पहुंचे और पूजा-अर्चना कर धर्म लाभ लिया । सुबह आयोजित हुए इस पावन प्रसंग पर भगवान की आराधना के लिए कई विशेष लाभार्थी परिवारों को पुण्य अर्जन का अवसर मिला।



जानकारी अनुसार सुबह के शुभ मुहूर्त में भगवान का अभिषेक करने का लाभ श्री चंद्रसेन कटारिया ने प्राप्त किया। भगवान की केसर पूजन का लाभ श्री सोहनलाल जी कटारिया परिवार को मिला, वहीं गुरुदेव की केसर पूजन का लाभ मोतीलाल सालेचा परिवार ने लिया। भगवान की आरती और मंगल दीवा का लाभ सज्जनलाल कटारिया परिवार ने लिया। इसके साथ ही गुरुदेव की आरती का लाभ श्री कमलेश रखबचंद कटारिया परिवार को प्राप्त हुआ। प्रभावना का लाभ श्री लक्ष्मीचंद नाहर एवं श्री प्रकाश सालेचा परिवार ने लिया। अभिषेक समारोह को पूर्ण विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। इस मांगलिक विधि को संपन्न कराने में जितेंद्र सालेचा,कमलेश कटारिया और पवन नाहर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और श्रद्धालुओं को सुचारू रूप से पूजन संपन्न करवाया। धार्मिक आयोजन में नवयुवक परिषद के अध्यक्ष प्रवीण नाहर, श्री संघ के वरिष्ठ मदनलाल नाहर, जितेंद्र कटारिया, वीरेंद्र नाहर, दिलीप सालेचा, दिनेश नाहर, ललित सालेचा, जितेंद्र नाहर, कल्पेश जैन, हितेश जैन, अमित, विकास कटारिया, पूर्वेश जैन, नारायण जैन, नीलेश सालेचा,सुनील नाहर ,नितिन कटारिया, राहुल सहित अनेक समाज जन एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।